

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 31 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 31 अक्टूबर का इतिहास

- **1996 :** रासायनिक अस्त्र प्रतिबंध संधि को लागू करने के लिए आवश्यक 65 देशों की मंजूरी मिली।
- **1959 :** सोवियत संघ तथा मिश्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **2008 :** देश में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे को गुप्त और अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने संबंधी विधेयक को केंद्रीय मंत्रीमंडल ने मंजूरी दी।
- **1984 :** भारत की चौथी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का निधन हुआ।

## 31 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बीसीसीआई ने पुरुष और महिला क्रिकेटरों दोनों के लिए समान मैच फीस की घोषणा की। टेस्ट मैचों के लिए 15 लाख रुपये, वनडे के लिए 6 लाख रुपये और टी-20 के लिए 3 लाख रुपये का भुगतान होगा। न्यूजीलैंड महिला और पुरुष क्रिकेटरों के लिए समान वेतन शुरू करने वाला पहला देश है। इस महीने की शुरूआत में की गई बीसीसीआई की घोषणा के अनुसार महिलाओं के लिए पांच टीमों को आईपीएल टूर्नामेंट मार्च 2023 में दक्षिण अफ्रीका में 26 फरवरी को समाप्त होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के बाद आयोजित किया जाएगा।
- भारत अपनी क्षेत्रीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली का विस्तार करने की योजना बना रहा है, ताकि देश की सीमाओं से दूर यात्रा करने वाले नागरिक क्षेत्र और जहाजों, विमानों में इसके उपयोग को बढ़ाया जा सके।
- हैदराबाद में राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी ने सर्वश्रेष्ठ पुलिस प्रशिक्षण संस्थान और राजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए 2020-21 के लिए केंद्रीय गृह मंत्री की ट्रॉफी हासिल की है। इस अकादमी के लिए यह असाधारण उपलब्धि हैदराबाद के वर्तमान पुलिस आयुक्त सीवी आनंद की सेवा अवधि के दौरान हासिल की गई थी, जो एनआईएसए के पूर्व निदेशक थे।
- एक राजनीतिक दल के प्रमुख ने देश में समृद्धि लाने के लिये केंद्र सरकार से नोटों पर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के चित्र छापने का अनुरोध किया। भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्र सरकार बैंक नोटों एवं सिक्कों के डिजाइन तथा स्वरूप में बदलाव का फैसला करते है। करेंसी नोट के डिजाइन में किसी भी बदलाव को भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।
- जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति ने आनुवंशिक रूप से संशोधित सरसों की किस्म डीएमएच-11 के पर्यावरणीय में रिलीज की सिफारिश की। सिफारिश अब पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के लिए जाएगी। इससे पहले जीईएसी ने 2017 में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, तब मंत्रालय ने इसे वीटो कर दिया था और सुझाव दिया था कि जीईएसी को जीएम फसल पर और अध्ययन करना चाहिए।
- वर्ष 2023 में इंटरपोल महासभा की मेजबानी विएना करेगा।
- सरकार ने उपग्रह संचार सेवाओं के लिए नए नीतिगत सुधार जारी किए। प्रक्रियाओं को आसान बनाने और मंजूरी को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार ने उपग्रह संचार सेवाओं के लिए नए नीतिगत सुधारों का अनावरण किया है। नीतिगत सुधार का मुख्य उद्देश्य 5जी टावरों की तैनाती में तेजी लाना है। वर्तमान में टावर लगाने की मौजूदा गति 2500 प्रति सप्ताह है और 5 जी के लिए इसे बढ़ाकर कम से कम 10,000 प्रति सप्ताह करने की जरूरत है। उपग्रह संचार सेवाओं में सुधार से यह सुनिश्चित होगा कि डिजिटल सेवाएं देश में दूर-दराज के हिस्सों तक पहुंचे। उपग्रह संचार सेवा के अगले 7-8 महीनों में लागू होने की संभावना है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक को सिल्वर ट्रम्पेट और ट्रम्पेट बैनर प्रदान किया। राष्ट्रपति के अंगरक्षक भारतीय सेना की घुड़सवार रेजिमेंट है।
- चीन ने अपने लोगों को एक इनहेलेबल कोविड-19 वैक्सीन देना शुरू कर दिया है। शंघाई शहर प्रशासन के अनुसार, वैक्सीन की मुफ्त बूस्टर खुराक उन लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है, जिनका पहले ही टीकाकरण हो चुका है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आक्रामक कवक रोग के बढ़ते खतरे के जवाब में प्राथमिकता वाले कवक रोगजनकों की एक सूची जारी की। प्राथमिकता सूची में सबसे आम कवक रोगजनकों में से 19 को तीन प्राथमिकता स्तरों में वर्गीकृत किया गया है।
- दो भारतीय समुद्रतटों को ब्लू बीच की सूची में शामिल कर ब्लू फ्लैग प्रदान किया गया। ये दो समुद्र तट लक्षद्वीप के मिनिकॉय थुंडी समुद्रतट और कदमत समुद्रतट हैं। इसके साथ ही भारत में ब्लू बीच की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।
- दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एकमुश्त संपत्ति कर माफी योजना की घोषणा की, इसे समृद्धि नाम दिया गया है।
- स्वदेश चटर्जी भारतीय अमेरिकी उद्यमी को उत्तरी कैरोलिना के सर्वोच्च राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।
- भारत में नए अमेरिकी राजदूत के रूप में एलिजाबेथ जोन्स को नियुक्त किया गया है।

काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय एकता दिवस (National Unity Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 30 अक्टूबर (B) 31 अक्टूबर
(C) 1 नवंबर (D) 2 नवंबर

**(B)** भारत में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वर्ष 2014 में पहली बार भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मनाया गया था। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नाडियाड गुजरात में हुआ था।




**2. हाल ही में कोलंबो में आयोजित होने वाली साउथ एशिया रीजनल की सेमिनार में राजस्थान से कौन शामिल होंगे ?**

(A) मंडल दत्त जोशी (B) विनय कटियार
(C) अनिल कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** पब्लिक सर्विस इंटरनेशनल (PSI) ग्लोबल यूनियन के साउथ एशिया के रीजनल सेकेट्री आर करन ने बताया कि मंडल दत्त जोशी साउथ एशिया रीजनल की सेमिनार जो कि श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित होगा। साउथ एशिया रीजनल की सेमिनार में पांच देशों के श्रमिक नेता भाग लेंगे। राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रांतीय महामंत्री पुखराज सांखला ने बताया कि मंडल दत्त जोशी 1 नवंबर 2022 को जोधपुर से कोलंबो जाएंगे।



**3. UNSC की आतंकवाद बैठक किस देश में आयोजित की गई ?**

(A) भारत (B) चीन
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) जापान

**(A)** UNSC की आतंक रोधी समिति की बैठक मुंबई और दिल्ली में की गई। बैठक आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती हुई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से मुकाबला विषय हुई। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि पिछले दो दशकों में सदस्य देशों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद का मुकाबला करने में ठोस प्रगति की है।



**4. कौनसा देश हाल ही में मनोरंजन प्रयोजनों के लिए भांग के उपयोग को वैध करेगा?**

(A) इंग्लैंड (B) जर्मनी
(C) इंडोनेशिया (D) अमेरिका

**(B)** जर्मनी देश हाल ही में मनोरंजन प्रयोजनों के लिए भांग के उपयोग को वैध करेगा। जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री ने एक योजना प्रस्तुत की जिसमें 30 ग्राम तक भांग रखने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और वयस्कों को नियंत्रित बाजार में मनोरंजक उद्देश्यों के लिए इस पदार्थ की बिक्री की अनुमति देने की बात कही।



**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए अनुकूल पर्यटन परियोजना शुरू की है ?**

(A) गुजरात (B) राजस्थान
(C) हिमाचल प्रदेश (D) केरल

**(D)** केरल राज्य ने महिलाओं के लिए अनुकूल पर्यटन परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के माध्यम से आरटी मिशन महिला पर्यटकों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ स्थानों और पर्यटन स्थलों को सुनिश्चित करता है। सभी महिला टूर पैकेज महिलाओं द्वारा नियंत्रित और संचालित किए जाएंगे, जिसमें भोजन, आवास, परिवहन और सामुदायिक गाइड शामिल है।



**6. विचारों की स्वतंत्रता के लिए 2022 सखारोव पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है ?**

(A) यूक्रेन के लोगों को (B) एलेक्सी नवलनी
(C) मलाला यूसुफजई (D) दलाई लामा


**(A)** यूक्रेन के लोगों को यूरोपीय संसद द्वारा विचार की स्वतंत्रता के लिए अपने वार्षिक सखारोव पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार रूस के आक्रमण के खिलाफ उनकी लड़ाई का सम्मान करने के लिए दिया जाता है। यूक्रेनी लोगों को उनके लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन की रक्षा के लिए सम्मानित किया गया है।




**7. जल जीवन मिशन के तहत कौनसा राज्य 100 प्रतिशत घरों में नल से पानी की आपूर्ति करने वाला राज्य बन गया है ?**

(A) पंजाब (B) आंध्रप्रदेश
(C) गुजरात (D) उत्तरप्रदेश

**(C)** जल जीवन मिशन के तहत गुजरात राज्य 100 प्रतिशत घरों में नल से पानी की आपूर्ति करने वाला राज्य बन गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों में नल के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 91 लाख 73 हजार 378 घरों में नल कनेक्शन पहुंच चुके है।




**8. हाल ही में भारत और किस देश ने टाइगर ट्रायम्फ मानवीय सहायता अभ्यास का आयोजन किया ?**

(A) अमेरिकी (B) जापान
(C) चीन (D) इंग्लैंड

**(A)** भारत और अमेरिकी सेना ने टाइगर ट्रायम्फ मानवीय सहायता अभ्यास का आयोजन किया। विशाखापत्तनम में तीन दिवसीय संयुक्त मानवीय सहायता अभ्यास आयोजित किया गया। यह एक सुपर साइक्लोन की चपेट में आए तीसरे देश को आपदा राहत सेवाएं प्रदान करने के व्यापक प्रयास के लिए एक संयुक्त अभ्यास है।




**9. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के कार्यवाहक चेयरपर्सन कौन बनीं ?**

(A) कौशल आहूजा (B) मनोज आहूजा
(C) गणेश मिश्रा (D) संगीता वर्मा

**(D)** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के कार्यवाहक चेयरपर्सन संगीता वर्मा बनी। यह नियुक्ति पूर्णकालिक चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता के पद छोड़ने के बाद हुई है। वर्मा की नियुक्ति तीन महीने की अवधि, नियमित चेयरमैन की नियुक्ति तक या किसी भी अगले आदेश तक प्रभावी है।



**10. मिनिकॉय थूंडी बीच और कदमत बीच को हाल ही में ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन मिला है। दोनों समुद्र तट किस भारतीय राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में स्थित हैं ?**

(A) अंडमान और निकोबार (B) लक्षद्वीप
(C) गोवा (D) पुडुचेरी

**(B)** मिनिकॉय थुंडी बीच और कदमत बीच ने ब्लू फ्लैग प्रमाणन के साथ ब्लू बीच की प्रतिष्ठित सूची में प्रवेश किया है जो एक अंतर्राष्ट्रीय इको लेबल है। दोनों समुद्र तट लक्षद्वीप में स्थित हैं इसके साथ ही भारत में ब्लू फ्लैग प्रमाणन के तहत प्रमाणित समुद्र तटों की संख्या को 12 हो गई है।

